हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 नवंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==========

मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने राज्य के व्यापार और कारोबार अगले पांच वर्षों में राज्य के निर्यात को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

गुरुग्राम में 'लेवरेजिंग एफटीए-आउटरीच प्रोग्राम' के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने वीडियो संदेश के जरिए कारोबारियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि भारत के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों का पूरा फायदा हमारे उद्योगों, छोटे कारोबारियों और किसानों को मिलना चाहिए। उन्होंने उद्यमियों से अपील की कि वे नए ग्लोबल मार्केट की तलाश करें और विश्व स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाएं।

केंद्र सरकार द्वारा जारी नवीनतम एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण - आईजीओटी कर्मयोगी रैंकिंग में हरियाणा ने गुजरात, कर्नाटक और पंजाब जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। हरियाणा को एक लाख से पांच लाख सरकारी कर्मचारियों वाले राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में यह स्थान मिला है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अंतर्गत कर्मयोगी भारत द्वारा जारी रैंकिंग के अनुसार, हरियाणा ने कुल 60.03 का अंक प्राप्त किए ।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशानुसार वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पलवल में भी कल 5 नवंबर से 20 नवंबर तक निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध रहेगा । उपायुक्त डॉक्टर जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने कहा कि इस अवधि के दौरान केवल राष्ट्रीय महत्व के कार्य को ही जारी रखने कर अनुमति होगी । अन्य निर्माण गतिविधियों पर रोक रहेगी । ताकि निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल एवं अन्य प्रदूषक तत्वों को नियंत्रित किया जा सके ।

हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने आज चंडीगढ़ में अपने कार्यालय में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की पुस्तिका 'जल संजीवनी' के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया। इस पुस्तिका में विभाग की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों और जनहित में किए जा रहे कार्यों को बेहतर ढंग से संकलित किया गया है।

श्री गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हर घर तक नल से स्वच्छ जल पहुंचाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में हरियाणा सरकार निरंतर कार्य कर रही है। 'जल संजीवनी' पुस्तिका विभाग के इन्हीं प्रयासों, योजनाओं और उपलब्धियों को एक स्थान पर प्रस्तुत करने का सार्थक प्रयास है।

केंद्र सरकार द्रवारा चलाए जा रहे 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत ओल्ड फरीदाबाद स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी हेमा कौशिक ने छात्राओं को बाल विवाह निषेध से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी और अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिलने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चण्डीगढ़ में , जींद जिले से अंतरराष्ट्रीय पहलवान और विश्व चैंपियन मनीषा भनवाला से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कज़ाकिस्तान में आयोजित सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने पर मनीषा को शुभकामनाएं दीं।

श्री सैनी ने मनीषा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हरियाणा सहित पूरे देश के लिए गर्व और गौरव का विषय बताया। उन्होंने मनीषा को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर खेल मंत्री गौरव गौतम समेत कोच मनदीप सिंह भी मौजूद रहे।

भिवानी के होनहार वुशू खिलाड़ी युवराज बामनिया ने 28 अक्तूबर से 2 नवंबर तक तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित 25 वीं जूनियर नैशनल वुशू चॅम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत । युवराज ने खिताबी मुकाबले में दिल्ली के खिलाड़ी को शिकस्त देकर यह उपलब्धि हासिल की ।

मेरा युवा भारत फरीदाबाद की ओर से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 250 से अधिक विद्यार्थियों एवं युवाओं ने शपथ ली और जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया।
